उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 416 दिनांक /Date.: 30/7/2021

।। कार्यालय ज्ञाप ।।

विषयः— गर्भावस्थाकाल के कारण, वन आरक्षी पद पर शारीरिक दक्षता परीक्षा बाद में किये जाने विषयक अनुमति के संबंध में।

पदनाम—वन आरक्षी, पद कोड—102 के लिए दिनांक 27/07/2021 से आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे में अधोहस्ताक्षरी को अभ्यर्थी **श्रीमती संतोषी, पुत्री श्री दरबान सिंह, अनुक्रमांक 1212672003** ने यह प्रतिवेदन दिया है कि वर्तमान में वे गर्भवती हैं। अतः वे इस शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभी भाग नहीं ले सकती व उन्हें बाद में इस शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाय।

अपने प्रतिवेदन के साथ अभ्यर्थी ने चिकित्सक की सलाह आदि के प्रपत्र प्रेषित किये हैं। चूंकि विभागीय नियमों में गर्भवती अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अलग समय दिये जाने की व्यवस्था है। अतःउपरोक्त अभ्यर्थी को वर्तमान में दिनांक 27/07/2021 से आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा के इस प्रतिबंध के साथ छूट दी जाती है कि उन्हें बाद में अलग से शारीरिक दक्षता परीक्षा का अवसर इस शर्त के साथ देय होगा कि संबंधित परीक्षा में उनसे अधिक प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी वर्तमान शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण/अर्ह न हों, यदि उनसे अधिक प्राप्तांक के अभ्यर्थी उत्तीर्ण हो जाते हैं, तब यह अवसर नहीं दिया जा सकेगा।

कृपया उक्त अभ्यर्थी को तद्नुसार सूचित किया जाता है।

आज्ञा से

(संतोष बडोनी)
सचिव
o/c

संख्या व तिथि उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः—निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

1. परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग उत्तराखण्ड।
2. श्री राजन नैथानी, अनु सचिव एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।
3. श्रीमती संतोषी, पुत्री श्री दरबान सिंह, द्वारा—श्री विरेन्द्र सिंह तोपाल, रेसकोर्स, बन्नू कॉलोनी, म0नं0—65 देहरादून, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
4. गार्ड फाइल।

(संतोष बडोनी)
सचिव
o/c